# दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**आसनसोल।** शहर की प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को स्कूल परिसर में किया गया. बच्चों द्वारा मार्चपास्ट के माध्यम से कार्यक्रम आरम्भ हुआ. इस दौरान स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा और इंग्लिश चैनल की सायनी दास को सलामी दी गई. सायनी दास को दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से सहायता के लिए 25 हजार और स्कूल कर्मियों ने मिलकर 7000 रुपया सहयोग राशि दी. इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं ने योगा, मार्शल आर्ट और सामूहिक नृत्य का शानदार प्रस्तुति दी. इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने कहा कि स्कूल के बच्चे बेहतर परिणाम हासिल कर रहे है, जिससे स्कूल का काफी नाम हुआ है. खेल प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए 100, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, बोरा रेस के अलावा अभिभावक और शिक्षकों के लिए भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. वही स्कूल के ग्रुप में वेस्ट ग्रुप में ग्रीन हाउस को पुरस्कृत किया गया. मौके पर स्कूल कार्यालय प्रबन्धक राहुल प्रसाद, शिक्षक कोर्डिनेटर अन्नपूर्णा शर्मा समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्कूल के कर्मी उपस्थित थे.